12.12.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

राज्यसभा-फसल उत्पादन

सरकार ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में देश में फसल उत्पादन में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह वृद्धि 2014 से 2024 में बीज की नई किस्मों, आधुनिक तकनीकों और बेहतर कृषि पद्धतियों के उपयोग के कारण संभव हुई है।

स्काई डाइविंग

प्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म का हब बनाने के उद्देश्य से, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में उज्जैन में स्काई डाइविंग के पाँचवे संस्करण का आज शुभारंभ हुआ। पर्यटक 15 फरवरी 2026 तक रोमांचकारी अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि DGCA और USPA द्वारा प्रमाणित संस्था 'स्काई-हाई इंडिया' द्वारा संचालित यह गतिविधि बेहद सुरक्षित है।

रीवा फिल्म फेस्टो 2025

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की मौजूदगी में ,फिल्म अभिनेता और निर्देशक राज कपूर की 101वीं जयंती के अवसर पर आज से रीवा में तीन दिवसीय 'रीवा फिल्म फेस्टो 2025' का आयोजन कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में शुरू हो रहा है, जो 14 दिसंबर तक चलेगा। इस आयोजन में जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल, और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी शामिल होंगे, जबकि अभिनेता सोनू सूद, हॉलीवुड अभिनेत्री इलीना, और फिल्म अभिनेत्री पूजा चोपड़ा सहित कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

<u>शिवराज पाटिल</u>

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का आज लातूर में निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। श्री पाटिल ने आज सुबह साढ़े छह बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में श्री पाटिल ने लोकसभा अध्यक्ष और केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण विभागों सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया। वे लातूर निर्वाचन क्षेत्र से सात बार लोकसभा के लिए चुने गए थे।

<u>स्क्वैश विश्व कप 2025</u>

भारत स्क्वैश विश्व कप 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। चेन्नई में प्री क्वार्टर फाइनल में अपने दूसरे पूल मैच में भारत ने ब्राजील को चार-शून्य से हराया।

<u>मौसम</u>

उत्तरी हवाओं और पहाड़ी बर्फबारी के चलते प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है, जहाँ अधिकांश शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे है और शहडोल का कल्याणपुर 3.8 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ सबसे सर्द रहा; वहीं, इंदौर में रात का तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया और यह पचमढ़ी से भी ठंडा रहा। मौसम विभाग ने आज इन्हीं सर्द हवाओं के कारण भोपाल, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर समेत पाँच जिलों में शीतलहर यानि कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है।

संक्षिप्त समाचार

- शिवपुरी जिले में बाल विवाह के दुष्परिणाओं से लोगों को अवगत कराने के लिए बाल विवाह के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।
- नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की स्थानीय शाखा ने आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या छात्रावास की करीब 50 छात्राओं को कंबल वितरित किए।
- जबलपुर में कल शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई।
- हनुमान अष्टमी के मौके पर आगरमालवा जिले के हनुमान मंदिरों में अलसुबह से ही विशेष धार्मिक अनुष्ठान, हवन-पूजन शुरू हो गया है।
- इंदौर में 38वीं इन्फैंट्री कमांडर्स' कॉन्फ्रेंस 09 से 11 दिसम्बर 2025 तक द इन्फैंट्री स्कूल, महू में आयोजित की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने की।